डाक पंजीयन संख्या- म.प्र./भोपाल/4-231/2023-25,
प्रकाशन प्रति सप्ताह बुधवार, पोस्टिंग प्रति सप्ताह गुरुवार
पता-म.न. 31, सेक्टर-1, शक्तिनगर, भोपाल, पिन-462024
फोन नं.-0755-4289655

MPHIN/2009/27464

साप्ताहिक
# मंथन दृष्टि

प्रादेशिक, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों का समावेश

वर्ष : 16 अंक : 50 भोपाल: बुधवार, 26 दिसम्बर 2024 से 01 जनवरी 2025 पृष्ठ 8, मूल्य 5 रुपए

अमृत वचन

यदि मुस्कान आपके स्वभाव में नहीं तो दुकानदारी के चक्कर में नहीं पड़े।

-चीनी कहावत



ये रिश्ता क्या कहलाता है में आएगा नया ट्विस्ट, अभिरा लेगी अरमान से तलाक.... पेज- 7

**केन-बेतवा लिंक परियोजना** केन-बेतवा लिंक था अटलजी का ड्रीम प्रोजेक्ट, आखिर कहां अटका, क्यों हुई देरी, कितना मिट पाएगा बुंदेलखंड का सूखा? क्या डूब जाएगा पन्ना टाइगर रिजर्व?

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास किया

### केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना के तहत म.प्र. के दस जिलों के लगभग 44 लाख और उत्तर प्रदेश के 21 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा

● मंथन संवाददाता

**खजुराहो/छतरपुर।** 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती पर पीएम मोदी ने अपने तीसरे टर्म में इस बहुप्रतीक्षित केन-बेतवा परियोजना में केन और बेतवा के जल का संगम कराया और दोनों नदियों को लिंक करने की परियोजना का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण किया। 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन भी किया।

यह परियोजना अटल बिहारी बाजपेयी का ड्रीम प्रोजेक्ट था। अटल बिहारी ने करीब 20 साल पहले 'नदी जोड़ो अभियान' की संकल्पना की थी। उन्होंने देशभर की नदियों को जोड़कर बिखरी पड़ी जलराशि के समुचित प्रबंधन का सपना देखा था। इसके लिए केंद्र सरकार ने 45 हजार करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। केंद्र सरकार से लागत की 90 प्रतिशत राशि मिलने के बाद मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्य सरकारों को बकाया पांच-पांच प्रतिशत राशि देनी है।

**टेंडर के लिए नहीं आया कोई सामने**

मध्य प्रदेश के छतरपुर में पन्ना टाइगर रिजर्व में दौधन बांध और दो सुरंगों के




निर्माण के लिए निविदा के लिए कोई भी इच्छुक नहीं था। राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण ने दौधन बांध और दो सुरंगों के निर्माण के लिए अगस्त 2023 में निविदा जारी की थी, जिसकी समय सीमा अक्टूबर थी, लेकिन किसी भी कंपनी ने निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लिया।

**क्यों काम नहीं करना चाहती थीं कंपनियां**

इस परियोजना से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार, एनडब्ल्यूडीए ने टेंडर दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 जनवरी 2024 तक बढ़ाई थी। उसके बाद भी कंपनियों ने अनुमति, लागत और तकनीक से संबंधित प्रश्न भेजे, लेकिन टेंडर जमा करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। एनडब्ल्यूडीए ने फिर तीसरी बार अंतिम तिथि बढ़ाकर 5 मार्च 2024 कर दी। मामले से परिचित अधिकारियों ने बताया कि यदि कंपनियां निविदा के लिए आगे नहीं आएंगी तो इससे परियोजना की लागत बढ़ जाएगी। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, 'कंपनियों की परियोजना को लेकर अपनी चिंताएं हैं और इसीलिए उन्होंने टेंडर दाखिल नहीं किया। लेकिन अब हमने इसे सुलझा लिया है।'

**पर्यावरणीय मंजूरी भी देरी की वजह**

एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, 'कंपनियां पर्यावरणीय मंजूरी को लेकर भी चिंतित थीं। क्योंकि बांध का निर्माण पन्ना टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र में किया जा रहा है।' परियोजना के लोअर ओर्र बांध के निर्माण पर भी पर्यावरण मंजूरी का सवाल उठाया गया।

**क्या है केन-बेतवा परियोजना**

केन-बेतवा परियोजना छतरपुर-पन्ना जिले में केन नदी पर विकसित की जा रही है। इसमें पन्ना टाइगर रिजर्व में केन नदी पर 77 मीटर ऊंचाई, 2.13 किलोमीटर लंबे दौधन बांध और दो टनल का निर्माण होगा। बांध में 2 हजार 853 मिलियन घन मीटर जल का भंडारण किया जाएगा। इसमें दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से प्रदेश के 10 जिलों पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी और दतिया के लगभग दो हजार गांवों में 8.11 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी। लगभग 7 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। मध्य प्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी। 103 मेगावॉट जल विद्युत एवं 27 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। इसका लाभ पूरे मध्य प्रदेश को मिलेगा। -शेष पृष्ठ 2 पर

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, पीएम मोदी आधुनिक भारत के भागीरथ



सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश की धरती पर पधारे हैं। जैसी गंगा को धरती पर लाया गया था, वैसे ही नदी जोड़कर प्रधानमंत्री मोदी आधुनिक भारत के भागीरथ बन गए हैं। सीएम ने कहा, मध्य प्रदेश में जब भी सूखे की खबर आती थी, तो बुंदेलखंड का नाम सबसे पहले जहन में आता था। लोग अपने घरों के गेट निकालकर उन्हें ईंटों के पैक करके रोजगार की तलाश में घर छोड़कर चले जाते थे। बड़ा कष्ट होता था कि हमारा ये क्षेत्र सालों तक सूखे का दंश झेलता रहा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- कांग्रेस के लोग आते थे, सूखा दूर करने के लिए बड़े बड़े वादे करते थे।

**अखिलेश यादव ने केंद्र की योजना पर ठोका सपा का दावा! शेयर की मनमोहन सिंह और मुलायम सिंह की तस्वीर**



इसी बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और मुलायम सिंह यादव की तस्वीर शेयर कर केंद्र सरकार की योजना पर सपा का दावा ठोका है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने लिखा-'नदियों को जोड़ना, देश को जोड़ने का काम होता है' इसी बड़ी सोच के साथ अपने नेताजी ने 'देश में सबसे पहले दो राज्यों की नदियों को जोड़ने की परियोजना' की संकल्पना की थी और मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री के साथ केन-बेतवा लिंकिंग प्राजेक्ट के एमओयू को हस्ताक्षरित कर के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को प्रस्तुत किया था।' 'नदियों को जोड़ना, देश को जोड़ने का काम होता है' इसी बड़ी सोच के साथ अपने नेताजी ने 'देश में सबसे पहले दो राज्यों की नदियों को जोड़ने की परियोजना' की संकल्पना की थी।

## मंथन दृष्टि


पृष्ठ 2 — गोरख धंधे का खुलासा: 7वीं पास ने दो महीने में ट्रांजैक्ट किए 3 करोड़...

पृष्ठ 3 — धर्म और आध्यात्म: शंकर भगवान सौम्य आकृति एवं रौद्ररूप दोनों के लिए विख्यात...

पृष्ठ 4 — किसानों की सक्सेस स्टोरी मंथन: किसान मुकेश रैकवार ने वैज्ञानिक डेयरी को अपनाकर एक किसान दुग्ध...

पृष्ठ 5 — कृषि मंथन: नोएडा के एक छोटे कमरे में केसर की खेती...

पृष्ठ 6 — देश-विदेश: पीलीभीत में मारे गए 3 वांटेड खालिस्तानी आतंकवादी, दो...

पृष्ठ 7 — अनोखी खबरें: 2000 साल पुरानी डरावनी ममी की...

पृष्ठ 8 — ख़ास साप्ताहिक फोटो: अरुणाचल की सियांग पहाड़ियों की तलहटी में....


## सेमिनार रूम में नहीं हुई जूनियर डॉक्टर की रेप और हत्या, बाद में लाकर रखी गई लाश! चौंकाने वाला खुलासा







कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला जूनियर डॉक्टर की रेप और हत्या मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इसी साल 9 अगस्त को अस्पताल की चौथी मंजिल पर बने सेमिनार रूम से जूनियर डॉक्टर का शव बरामद किया गया था। वहीं, अब इस रूम में बलात्कार और हत्या के कोई सबूत नहीं मिले हैं। केंद्रीय फोरेंसिक अनुसंधान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की रिपोर्ट में घटनास्थल पर मृतका और हमलावर के बीच हाथापाई और मारपीट के कोई निशान नहीं मिले हैं। सीएफएसएल की रिपोर्ट में विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि सेमिनार कक्ष में नीले गद्दे पर मृतका और हमलावर के बीच संभावित हाथापाई के कोई संकेत नहीं मिले हैं। यहां तक कि सेमिनार रूम के अंदर भी कहीं और इसका कोई निशान नहीं था। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सेमिनार रूम में महिला जूनियर डॉक्टर के साथ रेप ओर हत्या नहीं की गई थी?

**कोलकाता पुलिस और सीबीआई की जांच पर भी सवाल:** इस मामले में कोलकाता पुलिस की विशेष जांच टीम और बाद में सीबीआई की जांच को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। शुरू में बताया गया था कि सेमिनार रूम में ही जूनियर डॉक्टर की हत्या और उसके संग मारपीट की गई थी। आखिर फिर ये सीएफएसएल रिपोर्ट में क्यों नहीं सामने आया है?

**प्रदर्शनकारी डॉक्टर और परिजनों का आरोप- मिटाए गए सबूत:** वहीं, आरजी कर की महिला जूनियर डॉक्टर की रेप-हत्या के बाद पीड़ित परिवार और प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों का कहना था कि इस घटना से जुड़े सबूतों को मिटाया जा रहा है।

✓ हमारा ''मंथन दृष्टि'' साप्ताहिक समाचार पत्र समूची दुनिया में रह रहे हिंदी भाषी भारतीयों के लिए अभी On-line पढ़ने के लिए नि:शुल्क (फ्री) उपलब्ध है। इस E-paper को पढ़ने के लिए www.manthandrishti.com पर जाएं।

## ट्रंप की शपथ से पहले एक्शन, बांग्लादेश के हालात पर अमेरिका ने की मुहम्मद यूनुस से बात



बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं और उनके पूजा स्थलों पर बड़े पैमाने पर हमले को लेकर बढ़ते आक्रोश के बीच, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से बात की है। बातचीत के दौरान दोनों ने बांग्लादेश में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता जताई। यह बातचीत बाइडेन प्रशासन द्वारा डोनाल्ड ट्रंप को सत्ता सौंपने से एक महीने से भी कम समय पहले हुई है। ट्रंप अगले साल 20 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।

**लोग कर रहे हैं मदद की अपील:** हिंदू एक्शन के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने कहा कि बांग्लादेश में पिछले साढ़े पांच महीनों में जो कुछ हुआ है, उससे साफ पता चलता है कि 'मुहम्मद यूनुस जमात-ए-इस्लामी में अपने सहयोगियों को रोकने में विफल रहे हैं, जो अब देश भर में घूम रहे हैं, मंदिरों को जला रहे हैं, लोगों की हत्या कर रहे हैं, महिलाओं के साथ बलात्कार कर रहे हैं और हिंदू समुदाय के पुजारियों और नेताओं को कैद करके उन पर अत्याचार कर रहे हैं।'

**बांग्लादेश में हिंदुओं का प्रदर्शन:** चक्रवर्ती ने कहा, 'जैसा कि कांग्रेसी थानेदार ने कहा है, बांग्लादेश पर प्रतिबंध लगाना हमारे वर्तमान प्रशासन और आने वाले प्रशासन दोनों के लिए जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम बांग्लादेश की सीमाओं के भीतर हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों के लिए सुरक्षित स्वायत्त क्षेत्रों के लिए स्पष्ट रूप से एक रास्ता तैयार करें।'

## डोनाल्ड ट्रंप ने एक छोटे देश पनामा पर 'कब्जे' की बात कही, क्यों हो रहा अब बवाल



**वाशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि पनामा नहर से होकर गुजरने वाले अमेरिकी जहाजों से अनुचित रूप से शुल्क वसूला जा रहा है, जिसे देखते हुए अब लगता है कि इसका कंट्रोल अमेरिका को वापस लेना चाहिए।

पनामा के राष्ट्रपति ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने कहा है कि पनामा से होकर गुजरने वाले जहाजों से लिया जाने वाले शुल्क एक्सपर्ट्स की ओर निर्धारित किए गए हैं। मुलिनो ने आगे कहा कि पनामा नहर का जर्रा-जर्रा पनामा देश का है और यह हमेशा हमारा ही रहेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमारी अमेरिकी नौसेना और कारोबारियों के साथ काफी अनुचित व्यवहार किया गया है। पनामा की ओर से ली जा रही फीस काफी हास्यास्पद है। इस तरह की चीजों को तुरंत ही बंद किया जाना चाहिए। अगर पनामा चैनल का सुरक्षित, कुशल और विश्वसनीय तरीके से संचालन नही होता है तो हम मांग करेंगे कि पनामा नहर को पूरी तरह से हमें सौंप दिया जाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि अगर नैतिक और कानूनी दोनों सिद्धांतों का पालन किया जाए तो हम जल्द से जल्द पनामा नहर को अमेरिका को लौटाने की मांग करेंगे।